महत्वपूर्ण एवं खास

विधायक देवेन्द्र यादव की रिमांड तीन दिन बढ़ी

रायपुर (आरएनएस)। बलौदाबाजार आगजनी मामले में गिरफ्तार किये गये भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव की न्यायिक रिमांड 14 नवंबर तक के लिए बढ़ा दी गई है। बिलासपुर हाईकोर्ट में लगे जमानत याचिका पर आज सोमवार को सुनवाई हुई। बता दें कि बलौदाबाजार आगजनी मामले में गिरफ्तार किये गये भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को रिमांड खत्म होने के बाद जमानत सोमवार को विडियों कांफ्रेंसिंग के जरिये बिलासपुर हाईकोर्ट में पेश किया गया। जहां पुलिस ने चालान पेश करने के लिए और समय की मांग की जिसपर विधायक के वकील ने आपत्ति की किंतु कोर्ट ने पुलिस की मांग पर विधायक यादव की रिमांड तीन दिन यानि 14 नवंबर तक के लिए और बढ़ा दी। अब पुलिस के द्वारा 14 नवंबर को हाईकोर्ट में अभियोग पत्र प्रस्तुत किया जाएगा। बता दें कि बलौदाबाजार आगजनी मामले में पुलिस ने भिलाई विधायक देवेन्द्र यादव को 17 अगस्त को उनके निवास स्थान भिलाई सेक्टर 5 से गिरफ्तार किया था। विधायक यादव पर 10 जून को बलौदा बाजार में हुए हिंसक प्रदर्शन में शामिल होने का आरोप है।

चाकू मारकर मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपियों को दस साल की सजा

दुर्ग (आरएनएस)। चाकू से वार कर मोबाइल छीनने वाले तीन आरोपियो को दस साल कैद ए बामुशक्कत की सजा अदालत ने सुनाई है। वारदात तीन साल पहले की है। तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत कुमार सारथी की अदालत ने यह सजा सुनाई है। प्रकरण थाना अमलेश्वर में दर्ज हुआ था। प्रकरण 302/2021 के अंतर्गत धारा 392, 394, 397 और भा.द.वि. में सभी आरोपियों शुभम पटेल, पवन यादव, खुमेंद्र साहू, और तरुण यादव ने एक युवक को चाकू मारकर हताहत कर दिया था। घटना दिनांक 29/08/2021 को प्रार्थी को चाकू मारकर उससे तथा उसके साथी से मोबाइल लूट लिया। अभियोजन के सुनवाई का बाद घटना कारित करने के आरोप में दोषसिद्धि पाया गया, और दस साल सश्रम कैद की सजा सुनाई गई। सभी आरोपियों को 10 वर्ष की सजा सुनाई गई है, जो सश्रम कारावास में बितानी होगी। अपर लोक अभियोजक मोहम्मद अरशद खान ने अभियोजन की ओर से इस मामले की पैरवी की।

पोटाश बम की चपेट में आकर हाथी शिशु घायल

गरियाबंद-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के रायपुर में सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में एक दर्दनाक घटना सामने आई है, जहां हाथी का एक बच्चा पोटाश बम से घायल हो गया। यह बम आमतौर पर जंगली सूअरों के शिकार के लिए उपयोग किया जाता है। घटना के बाद वन विभाग ने तुरंत खोज और बचाव अभियान शुरू किया। थर्मल ड्रोन और विशेषज्ञों की मदद से घायल हाथी की तलाश जारी है, ताकि उसे समय पर इलाज मिल सके और अधिक नुकसान से बचाया जा सके। 7 नवंबर को सीतानदी-उदंती टाइगर रिजर्व में हाथी के घायल होने की सूचना मिलने पर वन विभाग की टीम ने तुरंत कार्रवाई की। परिक्षेत्र अधिकारी शैलेश बघेल को सुबह जंगल में खून के धब्बे दिखाई दिए। इस बाद उन्होंने एंटी पोचिंग टीम एवं उपनिदेशक वरुण जैन को सूचना दी। वे अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचे।

ट्रक से हो रहा था 730 बोरी अवैध धान का परिवहन, टीम ने दबोचा

बलरामपुर-रायपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के बलरामपुर जिले के धनवार बॉर्डर स्थित अंतरराज्यीय चेक पोस्ट पर कृषि और खाद्य विभाग के अधिकारियों ने बड़ी कार्रवाई की है. विभागीय अधिकारियों ने जांच के दौरान उत्तर प्रदेश से छत्तीसगढ़ की ओर आ रहे एक ट्रक को 730 बोरी अवैध धान के साथ पकड़ा है, जो बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन कर रहे थे. खाद्य विभाग की टीम ने धान को जब्त कर ट्रक को सीज कर दिया है. एसडीएम चेतन साहू ने इसकी पुष्टी की है। बता दें, प्रदेश में 14 नवंबर से धान की सरकारी खरीदी प्रक्रिया शुरू होने वाली है, इससे पहले प्रशासन राज्य में अवैध धान के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है.

बस्तर ओलंपिक 2024 : खेल प्रतिभाओं को निखारने विकासखंड स्तरीय होगा आयोजन

सुकमा । आरएनएस

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के पहल पर बस्तर क्षेत्र के युवाओं को रचनात्मक और खेल प्रतिभा के माध्यम से मुख्यधारा से जोडऩे के उद्देश्य से बस्तर संभाग में 'बस्तर ओलंपिक 2024' का आयोजन किया जाएगा। इसी क्रम में कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन में, जिला पंचायत सीईओ नम्रता जैन के मार्गदर्शन में यह आयोजन सुकमा, छिन्दगढ़, और कोण्टा विकासखंडों में निर्धारित तिथियों 10 नवंबर से 15 नवंबर 2024 पर आयोजन किया जाएगा। इसमें कबड्डी, बॉलीबॉल, खो-खो, एथलेटिक्स, लंबी कूद, ऊंची कूद, रस्साकसी (महिला), बैडमिंटन, कराटे, फुटबॉल, तावा फेंक, गोला फेंक, भाला फेंक और तीरंदाजी जैसे खेल शामिल होंगे।

प्रमुख आयोजन स्थल और तिथियाँ

विकासखंड सुकमा में 10 नवंबर 2024 को सुकमा, गोगला, झापरा, पुसपल्ली, भेलवापाल, बुड़दी,कोकरपाल में। 11 नवंबर 2024 को केरलापाल, रामाराम, चिकपाल, गोलाबेकुर, कोयाबेकुर, पोंगाभेज्जी, बडेसट्टी, सिरसट्टी, फुलबगड़ी में। 12 नवंबर 2024 को सोनाकुकानार, नीलावरम, मुरतोण्डा, रामपुरम, नागारास, जीरमपाल में।13 नवंबर 2024 को गादीरास, चिंगावरम, डोडपाल, मारोकी, कोर्रा, पोरदेम, गुफडी, गोंदपल्ली, गोण्डेरास में किया जाएगा।

विकासखंड छिन्दगढ़ में 10 नवम्बर 2024 को छिन्दगढ़ गुडरा, धोबनपाल, उरमापाल, पतिनाईकरास, रोकेल, बकुलाघाट, गंजेनार, कांजीपानी, मुर्रेपाल, पोदुम, चिपुरपाल. बिरसठपाल, राजामुण्डा, केरातोंग, पाकेला में। 11 नवंबर 2024 को कूकानार , बोदारास, बोकड़ओडर, इडज़ेपाल, गोरली, पेंदलनार, अधिकारीरास, कुन्दनपाल, कुन्ना, मिचवार, पुसगुन्ना डब्बा, पेदारास, डोलेरास, टांगररास में । 12 नवंबर 2024 को तोगपाल, मारेंगा, टाहकवाडा, पेरमारास, हमीरगढ़. लेदा, जैमेर, सगुनघाट, कनकापाल, चिड़पाल, पालेम, कवराकोपा, कुमाकोलेंग, चिउरवाड़ा में।

13 नवंबर 2024 को पुसपाल, किन्दराडा, चितलनार, कोडरीपाल, मेखावाया, तालनार, ओलेर, किकिरपाल, नेतानार, गुम्मा, कोडरीपाल-2, कवासीरास, सौउतनार में आयोजन किया जाएगा।

विकासखंड कोण्टा अंतर्गत 10 नवंबर 2024 को कोंटा, बण्डा, ढोढरा, इंजराम, मेहता, सिंगाराम, दरभागुढ़ा, एर्राबोर, मुलाकिसोली, मराईगुडा (रा), मनिकोण्टा, टेटराई, आरगटटा, मेडवाही, गगनपल्ली में , 11 नम्बर 2024 को दोरनापाल, मिसमा, दुब्बाटोटा, पुनपल्ली, सामसट्टी,बगडेगुडा, गोगुण्डा, गोरगुण्डा, नागलगुण्डा,पोलमपल्ली में।12 नवम्बर 2024 को जगरगुण्डा, कुन्देड़, सिलगेर, कोण्डासावली, तारलागुड़ा, गुमोड़ी, चिमलीपेन्टा, कामाराम, गोदपल्ली में।13 नवम्बर 2024 को मराईगुड़ा, किस्टाराम, गोलापल्ली, गंगलेर. पालाचलमा, पोटकपल्ली, करीगुडम में।14 नवम्बर 2024 को भेज्जी, कोत्ताचेरू, बुर्कलंका, रेगडगट्टा, डब्बाकोण्टा, पालामडगू, पेंटापाड़ में।15 नवम्बर 2024 को चिंतलनार, मुकरम, केरलापेंदा, नागाराम, एलमपल्ली, मिलमपल्ली,मोरमपल्ली, सुरपनगुडा, दुलेड़, कोर्रापाड़, चिंतागुफा, कांकेरलंका, कामाराम में आयोजन किया जाएगा।

खेल का आयोजन होने वाले मैदान विकासखण्ड सुकमा में कबड्डी, बॉलोबॉल, खो खो, ऐथलंटिक्स., लंबी कूद. उच्ची कूद, रास्सा कसी (महिला) मिनी स्टेडियम सुकमा में, बैडमिंटन एवं कराटे इंदौर बैडमिंटन स्टेडियम में, फुटबॉल कुम्हाररास मैदान में, तावा फेक, गोला फेक, भाला फेक, तीरंदाजी हड़मा आउटडोर स्टेडियम सुकमा में आयोजन किया जाएगा।

विकासखण्ड छिन्दगढ़ में कबड्डी, बॉलीबॉल, खो-खो, ऐथलेटिक्स, लंबी कूद, उच्ची कूद, फुटबॉल, तावा फेक, गोला फेक, भाला फेंक, तीरंदाजी., रास्सा कस्सी (महिला) मिनी स्टेडियम छिन्दगढ़ में, बैडमिटन एवं कराटे, इंडोर बैडमिटन स्टैडियम छिन्दगढ़ में आयोजन किया जाएगा। इसी प्रकार विकासखण्ड कोंटा में कबड्डी, बॉलीबॉल, खो-खो, ऐथलेटिक्स, लंबी कूद, उच्ची कूद, रास्सा कस्सी (महिला) मिनी स्टैडियम कोंटा में, बैडमिटन, कराटे, फुटबॉल, तावा फक, गोला फेक, भाला फेक, तीरंदाजी कन्या शाला समीप खेल मैदान में आयोजन किया जाएगा।

बस्तर ओलंपिक, खेल प्रेमियों के लिए सुनहरा अवसर

जिला खेल अधिकारी विरूपाक्ष पौराणिक ने बताया कि विकास खण्ड स्तरीय आयोजन में सभी खिलाडी शामिल होंगे। जिनकी पंजीयन नहीं हुआ है वे तत्काल पंजीयन कराकर भाग ले सकेगे। बस्तर ओलंपिक के माध्यम से युवाओं को अपनी खेल प्रतिभा को दिखाने का अवसर मिलेगा, साथ ही उन्हें प्रेरणा भी मिलेगी। इस आयोजन से बस्तर क्षेत्र में खेलों को बढ़ावा मिलेगा और नई प्रतिभाओं का उभरने का मौका मिलेगा।

देह व्यापार : पुलिस की रेड में संचालक के साथ तीन गिरफ्तार

राजनांदगांव-रायपुर । आरएनएस

दिनांक 10.11.2024 को जरिए मुखबिर सूचना मिली की पुराना बस स्टैण्ड राजनांदगाँव के पास स्थित दिगम्बर लॉज में लॉज के संचालक द्वारा अनैतिक देह व्यापार संचालित करने की सूचना मिलने पर सूचना से वरिष्ठ अधिकारियो को तत्काल अवगत कराया गया। पुलिस अधीक्षक मोहित गर्ग के निर्देश एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक राहुल देव शर्मा के मार्गदर्शन में पुष्पेन्द्र नायक नगर पुलिस अधीक्षक राजनांदगांव के नेतृत्व मे हमराह निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल राजनांदगांव, एवं सायबर स्टाफ तथा थाना कोतवाली राजनांदगांव स्टाफ के संयुक्त रूप से टीम गठित कर मौका पहुचकर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही कर (1) प्रीमन जैन उर्फ अप्पू पिता सुभाषचंद जैन उम्र 42 वर्ष निवासी केशर नगर गायत्री स्कूल के पास राजनांदगांव थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 (2) कुणाल शर्मा पिता स्व0 सुनील शर्मा उम्र 18 वर्ष 08 माह निवासी वार्ड नं0 06 चिखली थाना कोतवाली जिला राजनांदगांव छ0ग0 (3) रीतिक रोड पिता करमवीर रोड उम्र 18 वर्ष 05 माह निवासी ग्राम नमन तहसील व थाना मतलोडा जिला पानीपत हरियाणा को लॉज के अंदर तीन महिलाओ के साथ आपत्तिजनक स्थिति मे पाये जाने पर धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पूर्ननिर्मित के तहत वैधानिक कार्यवाही कर आरोपियो के कब्जे से 6 नग स्कीनटच मोबाईल कीमती 60000 रूपये नगदी रकम 4400 रूपये एवं आपत्तिजनक वस्तु (4 पैकेट निरोध) जुमला कीमती 64000 रूपये जप्त कर अपराध सबूत पाये जाने से आरोपियो खिलाफ अपराध क्रमांक 698/24 धारा 4, 5, 7 अनैतिक व्यापार (निवारण) अधिनियम 1956 सीट अधिनियम पूर्ननिर्मित कायम कर तीनों आरोपियो को गिरफ्तार कर आज दिनांक 11.11.2024 को माननीय न्यायालय पेश किया गया, जेल वारंट प्राप्त होने पर जेल अभिरक्षा मे भेजा गया। प्रकरण के मुख्य आरोपी प्रीमन जैन उर्फ अप्पू जैन आदत अपराधी है पूर्व इसके खिलाफ थाना कोतवाली राजनांदगांव मे अप0क्र0 930/15 धारा 294, 323, 506 भादवि0, अप0क्र0 461/18 धारा 13 जुआ एक्ट, अप0क्र0 605/22 धारा 294, 323, 506 भादवि0, अप0क्र0 691/23 धारा 294, 506, 385 भादवि0 कायम कर चालान किया गया है तथा 6 बार धारा 151, 107, 116(3) जा0फौ0 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्यवाही किया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में निरीक्षक विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल राजनांदगांव, थाना कोतवाली से निरीक्षक संजय बरेठ, उप निरीक्षक धनीराम नारंगे, विरेन्द्र क्षत्रिय, सउनि0 उदय सिंह चंदेल, नंदनी ठाकुर, प्र0आर0 अरूण कौमार्य, महिला आरक्षक महेश्वरी कुर्रे, आरक्षक प्रदीप जायसवाल, प्रख्यात जैन, रामनारायण चंदेल, रामखिलावन सिन्हा एवं सायबर सेल स्टाफ सउनि0 द्वारिक प्रसाद लाउत्रे, आरक्षक अविनाश झा, आदित्य सिंह, अमित सोनी, म0आर0 पार्वती कंवर तथा थाना स्टाफ की सराहनीय भूमिका रही।

तंत्र-मंत्र की शक्ति से जमीन में गड़ा खजाना निकालने पहुंचे, पांच गिरफ्तार

कोरबा । आरएनएस

आधुनिकता के इस दौर में अंधविश्वास का इस कदर बोलबाला है कि लोग तंत्र-मंत्र के सहारे ग्रामीण क्षेत्रों में दबे खजाने को खोजने का प्रयास अभी भी करते हैं, ऐसे ही कुछ हुआ बांगो थाना क्षेत्र अंतर्गत मातिन गांव में जहां अंबिकापुर से पांच लोग हंडा निकालने पहुंचे थे। जानकारी के मुताबिक कोरबा पुलिस ने एक तांत्रिक समेत पांच लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोप है कि पकड़े गए आरोपी तंत्र साधना की शक्ति से जमीन के अंदर से खजाना निकालने पहुंचे थे। विशेष अनुष्ठान कर बकरे की बलि देने की तैयारी कर रहे थे। काला जादू और तंत्र-मंत्र की शक्ति से जमीन के नीचे से खजाना निकालने के प्रयास का हैरतंगेज मामला सामने आया है। बागों थाना इलाके के मातिन गांव के बाहर जंगल में तंत्र-मंत्र का खेल चल रहा था। दीपक जलाकर, नींबू, सिंदूर, लाल कपड़ा चढ़ाकर बकरे की बलि देने की तैयारी थी। इसकी भनक लगने पर ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पता चला कि अंबिकापुर में रहने वाले पांच लोग हांडा निकलने आए है। गांव के सरपंच ने बताया कि पूर्व में भी गांव से कुछ प्राचीन मूर्तियां चोरी हुई थी जिनकी सूचना पर बांगो पुलिस को दे दी गई थी और उस पर कार्यवाही भी हुई थी, इस तरह खजाना खोजने की घटना पहली बार हुई है, बरहाल पकड़े गए सभी को पुलिस के हवाले कर दिया गया है।

आदिवासी कन्या आश्रम में 9 वर्षीय बच्ची की मौत

सूरजपुर-रायपुर । आरएनएस

जिले के डेडरी स्थित आदिवासी कन्या आश्रम में एक दुखद घटना सामने आई है, जहां एक नौ वर्षीय छात्रा की मौत हो गई. छात्रा कक्षा दूसरी की छात्रा थी, जो पिछले दो सालों से आश्रम में रहकर पढ़ाई कर रही थी. बुधवार से उसकी तबीयत बिगड़ी, जिसकी जानकारी उसने वॉर्डन को दी. देखभाल और सही उपचार के अभाव में बच्ची की मौत के बाद आश्रम में रहने वाले बच्चों की देखभाल और सुरक्षा को लेकर कई सवाल उठ रहे हैं.

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, छात्रा सुरता गांव के मनोज सिंह की बेटी थी. उसने बुधवार को वार्डन से गाल में दर्द होने की शिकायत की थी, जिसके बाद वार्डन ने उसकी गाल पर पट्टी चिपकाई. इसके बाद छात्रा स्कूल गई, लेकिन स्कूल से लौटने के बाद उसने खाना-पीना नहीं किया. अगले दिन सुबह जब बच्ची नहीं उठी, तो उसे अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस अस्पताल पहुंची और मर्ग कायम कर मासूम के शव को पोस्टमॉर्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया है. पुलिस ने कहा कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही छात्रा की मौत के कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा. पुलिस ने इस मामले की गंभीरता से जांच करने का आश्वासन दिया है।

करोड़ों की ठगी करने वाले चार आरोपी गिरफ्तार

रायपुर । आरएनएस

पुलिस महानिरीक्षक रायपुर रेंज अमरेश मिश्रा के निर्देशन पर रेंज साइबर थाना रेंज रायपुर टीम द्वारा साइबर अपराधों में तकनीकी साक्ष्य एकत्र कर विवेचना किया जा रहा है। निर्देसानुसार कार्यवाही करते हुए विवेचना क्रम में रेंज साइबर थाना द्वारा कार्यवाही करते हुए शेयर ट्रेडिंग के नाम पर ठगी करने वाले चार अंतरराज्यीय साइबर आरोपियों को 24 परगना वेस्ट बंगाल, द्वारिका दिल्ली, विजयवाडा आंध्रप्रदेश एवं कोलार कॉलोनी भोपाल मध्यप्रदेश, से गिरफ्तार किया गया है। केश 1 प्रार्थी रश्मि ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 88 लाख रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट रेंज साइबर थाना में दर्ज कराई थी। रिपोर्ट पर रेंज साइबर थाना रायपुर में अपराध क्रमांक 14/24 धारा 318(4), 3(5), 238, 111 पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना क्रम में पूर्व में उत्तर प्रदेश, बिहार, चेन्नई, कोलकाता से पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

अपराध में शामिल दो अन्य आरोपी 1 सुमन सिल पिता अमल सिल उम्र 28 वर्ष पता टेपुल, मेडिया स्वरूप नगर 24 परगना वेस्ट बंगाल 2 देवराज कुशवाहा पिता रामपाल उम्र 40 वर्ष पता कोलार कॉलोनी भोपाल मध्यप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में 84 लाख रुपए विभिन्न बैंक खाता में होल्ड कराया गया है। केश 2 प्रार्थी अनिमेष तिवारी ने शेयर ट्रेडिंग में मुनाफा कमाने के नाम से उनसे 99 लाख रुपए ठगी होने की रिपोर्ट थाना तेलीबांधा में दर्ज कराया था।

रिपोर्ट पर अपराध क्रमांक 644/24 धारा 318 (4), 61 बीएनएस पंजीकृत कर विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को सौंपी गई थी। विवेचना क्रम में आरोपी दीपक पिता जगदीश उम्र 29 वर्ष ग्राम भाकरोली, संभल, उत्तर प्रदेश जो छिपकर जेजे कॉलोनी द्वारिका सेक्टर 3 दिल्ली में रह रहा था को गिरफ्तार किया गया है। केश 3 प्रार्थी महेश चंदानी ने शेयर ट्रेडिंग के नाम से उनसे 1.16 करोड़ रुपए की ठगी होने की रिपोर्ट थाना पंडरी में अपराध क्रमांक 261/24 धारा 420,34 भादवि दर्ज कराया था। अग्रिम विवेचना रेंज साइबर थाना रायपुर को प्राप्त होने पर विवेचना क्रम में बैंक खाता सप्लायर आरोपी सैयद जानी बासा पिता मखदूम बासा उम्र 46 वर्ष पता गोल्लापूड़ी विजयवाडा आंध्रप्रदेश को गिरफ्तार किया गया है। प्रकरण में पूर्व में अन्य और एक आरोपी को गिरफ्तार किया जा चुका है। प्रकरण में सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक अभिरक्षा पर जेल भेजा गया है।

आधा शिक्षा सत्र बीतने के बाद अब होगी 121 शिक्षकों की भर्ती

कोरबा । आरएनएस

जिले में केंद्रीय पाठ्यक्रम बोर्ड के तहत संचालित हो रही 15 अंग्रेजी माध्यम स्वामी आत्मानंद स्कूलों में शिक्षकों के 121 पद खाली है। आधा शिक्षा सत्र बीतने के बाद अब जाकर शिक्षकों की भर्ती की अनुमति मिली है। हाल ही में छत्तीसगढ़ माध्यमिक शिक्षा पाठ्यक्रम से संबद्ध स्कूलों के लिए 118 शिक्षकों की भर्ती की गई है। वहीं केंद्रीय शिक्षा बोर्ड से संबद्ध हिंदी माध्यम के आत्मानंद स्कूलों में 20 शिक्षक के पद अब भी खाली हैं। समय रहते शिक्षकों की व्यवस्था नहीं किए जाने से यहां अध्ययनरत बच्चों के अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

ग्रामीण व शहरी क्षेत्र के सरकारी स्कूलों को केंद्रीय शिक्षा बोर्ड प्रणाली से जोडऩे के लिए कांग्रेस के शासन काल में स्वामी आत्मानंद स्कूल की शुरूआत की गई। भवन शिक्षकों की नियुक्ति किए बगैर ही अंग्रेजी माध्यम स्कूलों हुई शुरूआत का खामियाजा आज भी बच्चे झेल रहे हैं। जिले में बीते शैक्षणिक सत्र तक 34 स्कूलों का संचालन हो रहा था। सत्र समापन होने तक इनकी संख्या 60 हो चुकी है। शिक्षा के अधिकार के तहत स्कूलों में बच्चों को दाखिला देने के लिए अभिभावकों की होड़ लगी रहती थी। आत्मानंद स्कूल शुरू होने से अभिभावकों ने शिक्षा के अधिकार के तहत निजी स्कूलों में भेजना उचित समझा। तब उन्हे क्या मालूम था कि शिक्षकों की कमी की वजह आत्मानंद सरकारी स्कूलों अध्यापन कार्य निजी स्कूलों से भी बदहाल होगी है। पसान मोरगा, करतला जैसे दूर दराज ग्रामीण क्षेत्रों की स्कूल सर्वाधिक दयनीय है। पसान आत्मानंदन स्कूल में शिक्षक नहीं होने की शिकायत लेकर गांव के बच्चे पखवाड़े भर पहले कलेक्टोरेट पहुंच गए थे। जिला शिक्षा अधिकारी ने उन्हे आश्वासन देकर वापस भेजा था। जिले में जिस तादाद में स्वामी आत्मानंद स्कूलों शुरूआत की जा गई , इसके विपरीत संसाधनों की नितांत कमी देखी जा रही। पांचों विकासखंड में संचालित स्कूलों का संचालन पुराने भवनों में की जा रही है।

जिला प्रशासन ने जिला खनिज न्यास मद से 121 शिक्षकों की भर्ती को भले ही हरी झंडी दे दी है लेकिन भर्ती प्रक्रिया पूरा होने मे अभी माह भर का समय लगेगा। सीबीएसई कोर्स के लिए के केंद्रीय पाठ्यक्रम से उत्तीर्ण शिक्षक आवश्यक हैं। जिले में ऐसे शिक्षकों की नितांत कमी देखी जा रही है। संविदा और नियमित शिक्षकों में समान काम समान वेतन लागू नहीं होने के कारण स्कूलों पदों में पूर्ण भर्ती होगी इस पर भी संशय बना हुआ है।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गर्वनिंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी राकुन्डे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यका, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवे पर्यावारण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढिए ....
न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

पति ही निकला पत्नी का हत्यारा: आरोपी पति को 24 घण्टे के भीतर किया गया गिरफ्तार भेजा गया जेल

- आरोपी अपने विवाहिता पत्नि को मारपीट कर पूर्व में भगा दिया
- आरोपी 6 माह पूर्व ही मृतिका को पत्नि बनाकर अपने घर लाया था

कोरबा । आरएनएस

जिले की पुलिस चैकी मोरगा के मर्ग क्रमांक 89/2024 धारा 194 बीएनएसएस के जांच दौरान घटना स्थल व शव निरीक्षण कथन वारिसान, तथा कथन पंचान लिया गया। जांच पर पाया कि आरोपी द्वारा अपने विवाहिता पत्नि राम बाई को आये दिन मारपीट करने से इसकी पत्नि राम बाई परेशान होकर पिछले 02 साल से अपने मायके ग्राम कोदवारी में रहना और जिसकी तरफ से 3 लडक्ी है। आरोपी द्वारा काम करने अंबिकापुर की तरफ जाना एवं आरोपी द्वारा 06 माह पूर्व मृतिका सुनीता कंवर को अंबिकापुर तरफ से पत्नि बनाकर घर लाना पाया गया। दिनांक 06.11.2024 दिन बुधवार को आरोपी अपनी पत्नि से मोरगा बाजार साथ चलने बोलकर आरोपी, अपनी पत्नि सुनीता कंवर और लडक्ी सोनिया के साथ तीनो अपने घर से मोरगा बाजार जाने के लिये घर से निकले थे। आरोपी की पत्नि सुनीता कंवर द्वारा कटघोरिया घर के पास अपने पति को तबियत खराब होने की बात बोलकर मोरगा बाजार नही जाने की बात बताने पर आरोपी अपनी लडक्ी के साथ मोरगा बाजार गये थे। आरोपी मोरगा बाजार से अपनी लडक्ी के साथ मोरगा बाजार कर घर वापस आया तो घर में इसकी पत्नि सुनीता कंवर घर में नही थी तब आरोपी अपनी दूसरी लडक्ी सोमिया के साथ अपनी पत्नि को ढूढऩे निकले थे। आरोपी की पत्नि कटघोरिया के घर में खाट पर सोते मिली जिसे दोनो बाप बेटी पकडक्र घर ला रहे थे। इसकी पत्नि चलने फिरने में असमर्थ होने से आरोपी अपने पत्नि के हाथ पकड़ कर घर ला रहा था जो दोनो पति पत्नि रोड में गिर गये थे। गिरने से आरोपी के दाहिने आँख के पास चोट लगा है। आरोपी रात्रि में अपनी पत्नि को अपने साथ घर लाकर अभी तक खाना नही बनाये हो कहकर हाथ मुक्का एवं लात सीने एवं चेहरे में मारपीट किया जिससे मृतिका को अंधरूनी गंभीर चोट लगने मृतिका की मृत्यु हो गया था।

मृतिका की शव पंचनामा कार्यवाही कर शव का सीएचसी पोड़ी उपरोड़ा से पी0एम0 कराया गया। चिकित्सा अधिकारी पोड़ी उपरोड़ा द्वारा अपने शार्ट पीएम रिपोर्ट में मृतिका की मृत्यु हत्या करने से होना लेख करने पर मामले की गंभीरता को देखते हुये पुलिस अधीक्षक कोरबा सिद्धार्थ तिवारी, अति0पु0अधीक्षक श्रीमति नेहा वर्मा तथा अनुविभागीय पुलिस अधिकारी कटघोरा पंकज ठाकुर को घटना के बारे में अवगत कराया गया उनके मार्गदर्शन में सहायक उप निरी0 भीम सेन यादव के नेतृत्व में हमराह स्टाफ मोरगा के द्वारा 24 घण्टे के भीतर मामले के आरोपी लब्दू उर्फ लाबडू सिंह बिंझवार उम्र 35 साल साकिन ग्राम अरसिया नवाटिकरा चैकी मोरगा थाना बांगो जिला कोरबा (छ0ग0) को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया जहां आरोपी लब्दू उर्फ लाडू सिंह बिंझवार को न्यायिक हिरासत में जेल दाखिल किया गया।

उक्त मामले में सउनि भीम सेन यादव, प्रआर0 417 सुरेश मणि सोनवानी, आर0 455 देवेन्द्र पैकरा, आर0 63 महिपाल सिंह, आर0 745 संजय कुमार साहू एवं आर0 679 शिव कुमार चैहान की सराहनीय भूमिका रही।